<u>प्रसार भारती</u>
<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

24.01.2026 11:00 बजे

<u>मौसम</u>

प्रदेश में करीब तीन महीने के लम्बे सूखे के बाद हुई भारी बर्फबारी और बारिश ने एक ओर जहां किसानों, बागवानों और पर्यटकों के चेहरे पर खुशी ला दी है। वहीं लोगों की दुष्वारियां भी बढ़ी है। भारी बर्फबारी और ख़राब मौसम के कारण प्रदेश में परिहन निगम के करीब 8 सौ रूट बंद पड़े हैं और 2 सौ 50 से अधिक बसें फंसी पड़ी हैं। राज्य में लगभग साढ़े 10 हजार बिजली ट्रांसफार्मर ठप्प पड़े हैं, जिससे बीती कल से ग्रामीण इलाकों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में भी अंधेरा छाया रहा। सबसे अधिक असर शिमला, कुल्लू, मंडी, किन्नौर, चम्बा और लाहौल स्पीति जिलों में देखा गया।

कुल्लू से हमारे संवाददाता के मुताबिक बीती रात तक जिले की ऊंची चोटियों पर हिमपात व जिले के निचले इलाकों में बारिश होती रही। बर्फबारी और खराब मौसम को देखते हुए जिला उपायुक्त के आदेश के बाद मनाली व बंजार उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थानों को आज बंद रखने के आदेश जारी किए गए है।

लाहौल में अभी भी मौसम खराब है और अब तक 2 फुट से अधिक बर्फबारी हो चुकी है। कांगड़ा जिला की धौलाधार पर्वत श्रेणी की उंची पहाड़ियों पर हिमपात हो रहा है जबकि निचले क्षेत्रों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है।

जिला चम्बा में कल रात तक हो रहे हिमपात और बारिश के बाद आज मौसम भले ही कुछ थमा है। लेकिन प्रचंड शीतलहर का प्रकोप जारी है। जनजातीय पांगी घाटी में करीब डेढ़ फुट तक हिमपात हुआ है।

इधर राजधानी शिमला में भी नगर निगम शिमला ने सड़कों से बर्फ हटाने के लिए रोबोट, जे. सी.बी और मजदूर लगाएं है ताकि लोगों को चलने फिरने में दिक्कतें न आए। खासतौर पर अस्पतालों को जोड़ती सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर सुचारू किया जा रहा है। आकाशवाणी से बात करते हुए शिमला नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बताया कि नगर निगम आज दोपहर तक महत्वपूर्ण सड़क मार्गों को सुचारू कर देगा।

बाईट————भूपेंद्र अत्री '''1.4'''

<u>नगर निगम शिमला की जो सड़कों खासकर जो कार्ट रोड से उपर की सडकें है वह नगर निगम के पास है हमने पिछले कल से जब बर्फबारी भी चार रोबोट और जेसीबी व 75 मजदूरों के साथ–साथ बर्फबारी को हटाने का कार्य कर रहे थे तो हमारा पहला फॉक्स था जो आईजीएमसी,केएच के साथ एवं मलयाणा में भी हमने एक जेसीबी लगा रखी थी तो जितनी भी हमेर रोड है उसमें देर रात तक काम चलाता रहा और आज सुबह से ही हमारे जो जेबीसी रोबोट व मजदूर है वह कार्य पर लग चुके है हमारा टारगेट है कि आज दोपहर तक हम सभी सड़कों को बहाल कर देंगे।</u>

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

शहीद

जिला किन्नौर के तरंडा गांव के शहीद राईफ्‌ल मैन जयकृष्ण का कल पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भारतीय सेना मैडल से सम्मानित शहीद जयकृष्ण कोलकता अस्पताल में उपचाराधीन थे, जहां वे वीरवार को जिंदगी की जंग हार गए। गौरतलब है कि जयकृष्ण ने 2009 में असम में एक मुठभेड़ के दौरान उग्रवादियों को मार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी। जिसके लिए उन्हें भारतीय सेना मैडल से सम्मानित किया था। बीते कल ख़राब मौसम और बर्फबारी की परवाह किए बिना बड़ी संख्या में लोगों ने शहीद को श्रद्धांजलि दी। वे अपने पीछे माता, पत्नी और पुत्र को छोड़ गए हैं। शहीद के शव के गांव में पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया और लोगों ने जयकृष्ण अमर रहे के नारों के साथ नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

––––––––––––––––